तापमान

अधिकतम 41.7 डिग्री

न्यूनतम 20.9 डिग्री

# हरिभूमि जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 27 अप्रैल 2024



12 मंडियों से गेहूं की 70% आवक पूरी





12 छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदान करने का दिया संदेश




**खबर संक्षेप**

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी रजत को गिरफ्तार किया है। नाहन हाउस के रवि कुमार ने 3 अक्तूबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 सितंबर 2023 को वाल्मीकि नगर से किसी ने उसकी बाइकचोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी लोकेश कुमार, प्रेम सिंह व अरविंद को गिरफ्तार किया है। तलेहड़ी गुजरां के शिव दयाल ने 25 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि तीनों आरोपियों ने मिलीभगत करके एमएम कैंपस यूनिवर्सिटी से बड़ी मात्रा में लोहा पाईप चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### झांसा देकर युवक से दो लाख रुपये ठगे

**पानीपत।** पानीपत के कृष्णपुरा निवासी दिव्य साइबर ठगों का शिकार बन गया। दिव्य को घर बैठे रुपए कमाने की बात कह कर ठगों ने अपने झांसे में लिया। जिसके बाद आरोपियों ने 10 हजार 150 रुपए भेजे भी। फिर उससे कुल 2 लाख 20 रुपए इंवेस्ट करवा लिए। दिव्य ने जब रुपए निकलवाने चाहे तो उसका खाता फ्रीज हो गया। जिसके बाद दिव्य को अपने साथ ठगी होने का पता चला। वही, दिव्य की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पानी का दोहन करने वालों पर लगेगा जुर्माना

**पानीपत।** पानीपत खंड के गांव भैंसवाल में जल एवं सीवरेज समिति की मीटिंग का आयोजन सरपंच राशीदा की अध्यक्षता में हुआ। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से जिला सलाहकार डॉ.सतविंदर टाया व ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर रोशन लाल ने कहा कि पानी का संरक्षण किया जाए और व्यर्थ बहाने वालों पर जुर्माना लगाया जाए।

# गरीबों को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही भाजपा सरकार : नायब सैनी

## मुख्यमंत्री ने करनाल में श्रमिक कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ मोदी जी ने गरीबों के लिए जो योजनाएं चलाई विपक्ष के पेट में उसके लिए भी दर्द : सीएम

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश व प्रदेश में श्रमिकों की भलाई के लिए कार्य किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के लिए जो योजनाएं चलाई विपक्ष के पेट में उसके लिए भी दर्द है। कांग्रेस जैसी पार्टियां खुद तो श्रमिकों और गरीबों के लिए कुछ नहीं कर पाई। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। भाजपा सरकार गरीब की मजबूती के लिए काम करने वाली सरकार है। गरीबों को कैसे मजबूत किया जाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए काम करते रहते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल की नई अनाज मंडी में राष्ट्रीय कामगार संघ की ओर से आयोजित श्रमिक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इसके अलावा भी मुख्यमंत्री ने करनाल में आयोजित कई कार्यक्रमों में शिरकत की।





करनाल की नई अनाज मंडी में राष्ट्रीय कामगार संघ की ओर से आयोजित श्रमिक कार्यकर्ता सम्मेलन में मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणाइस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, भाजपा नेता जगमोहन आनंद, संजय बठला, संघ के अध्यक्ष जंग बहादुर, प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, ओमप्रकाश, रोहताश जांगडा, श्याम लाल, पूनम ठाकुर सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

श्रमिकों ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का वादा किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष ने केवल श्रमिकों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। कांग्रेस ने न तो श्रमिकों के बारे में आज तक सोचा और न ही कोई योजना बनाई।

# दंपती को कनाडा व बेटे को अमेरिका भेजने के नाम पर 44 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

■ आरोपी दंपती सहित उनके पुत्र पुत्री के खिलाफ मामला दर्ज

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शहरी पुलिस ने फौजी प्लाट निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसे व उसकी पत्नी को कनाडा व बेटे को अमेरिका भेजने के नाम पर 44 लाख 75 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में दंपति सहित उनके पुत्र पुत्री के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शहरी पुलिस ने एजेंट सुच्चा सिंह उर्फ हैप्पी, कुलदीप कौर,दिलप्रीत ढिल्लो व यशराज कौर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस में दर्ज शिकायत में पीड़ित व्यक्ति राम सिंह ने कहा कि वह अपनी पत्नी के साथ कनाडा व उसका बेटा हरनुर अमेरिका जाना चाहते थे। इसी दौरान उसके जानकर ने उन्हें बताया कि जालंधर निवासी दंपती सुच्चा सिंह व कुलदीप कौर विदेश भेजने का काम करते हैं। वर्ष 2022 में वह अपने जानकर के कहने पर दंपती एजेंट सुच्चा सिंह उर्फ हैप्पी व कुलदीप कौर से लुधियाना के एक होटल में मिला था। जहां पर उनका बेटा दिलप्रीत ढिल्लो व बेटी यशराज कौर भी मौजूद थी। उस समय उन्होंने बताया था कि उनका सारा परिवार विदेश भेजने का काम करता है। उस समय उक्त एजेंटों ने उन्हें व उसके बेटे हरनुर को अमेरिका भेजने के नाम पर 57 लाख की मांग की थी।



### ये है आरोप

शिकायतकर्ता के अनुसार उक्त लोगों ने जून 2022 से मार्च 2023 तक अलग-अलग दिनों में उससे करीब साढ़े 33 लाख ऑन लाइन व 17 लाख नगद ले लिए थे। मार्च 2023 में एजेंट सुच्चा सिंह व उसके परिवार के सदस्यों ने उसके बेटे हरनुर को अमेरिका न भेज कर उसे मैक्सिको व ग्वाटेमाला से ही वापस भारत आ गया था। उसके बाद जब एजेंटों ने उसके बेटे को अमेरिका नहीं भिजवाया तो उसका बेटा अपने स्तर पर विदेश चला गया था।जब उसने एजेंट से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने कहा कि वे उसके बेटे की एवज में उसे व उसकी पत्नी को कनाडा भिजवा दूंगा। उक्त एजेंटो ने बकाया राशि 6 लाख 25 हजार अगस्त 2023 में ले लिए। उसके बाद उक्त एजेंटो ने उनकी कनाडा की फाइल लगाई थी। जो सितम्बर 2023 को वीजा फाइल रिफ्यूज हो गई थी। जब उसने उक्त एजेंटों से अपनी राशि वापस मांगी तो उन्होंने अलग- अलग समय मे करीब 12 लाख लौटा दिए थे। बकाया राशि करीब 44 लाख 75 हजार जल्द देने की बात कही थी। लेकिन राशि नही दी।

# पहले दिन बनाई सड़क दूसरे दिन टूटी, रोष



पानीपत के गांव शिमला गुजरान के ग्रामीण प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

■ ग्रामीणों ने प्रशासन व विभाग पर सांठ-गांठ कर निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया

पानीपत। पानीपत के गांव शिमला गुजरान से डाडोला तक पीडब्ल्यूडी बीएडंआर की ओर से बनाई गई सडक दूसरे दिन टूट गई। सडक के टूटने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन व विभाग पर ठेकेदार के साथ सांठ-गांठ कर सडक निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। वहीं प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सडक का निर्माण कार्य गुणवत्ता वाला नहीं हुआ तो इस मामले की लिखित शिकायत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, एंटी क्रप्शन ब्यूरो, आदि विभागों से साक्ष्यों केसाथ की जाएगी। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों कुलदीप, सुभाष, संदीप, सतीश, ओमप्रकाश, राजबीर, राजकुमार, विजय, राजेश, दिलबाग, महेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि सडक के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है।

# आग की चिंगारी से जले 40 एकड़ फाने

## फायरब्रिगेड कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

■ रीपर व ट्राली भी चढ़ी आग की भेंट

पटियाला रोड़ स्थित गांव जुरासी खुर्द के नजदीक खेतों में आग लगने से लगभग 40 एकड़ के गेंहू के फाने जलकर स्वाहा हो गए। आग लगते ही आसपास के ग्रामीण पहुंच गए ओर तुरंत डायल 112 पुलिस व फायर ब्रिगेड को तुरंत सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कईं गाडियां मौके पर पहुंची ओर स्प्रे पंप के माध्यम से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। जानकारी देते हुए गांव के सरपंच राव वीरेंद्र ने बताया कि गत सायं तूड़ी बनाने के लिए स्ट्रा रीपर चल रहा था कि अचानक मशीन में तूड़ी के साथ कोई पत्थर चला गया ओर चिंगारी उठने से आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग लगते देख चालक ने ट्रैकटर से ट्राली को अलग निकाल लिया। फायर ब्रिगेड कर्मचारी विनीत कुमार, शिव कुमार व रामकुमार सहित अनेक कर्मी ने कईं गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर पानी के स्प्रे से आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया।

लेकिन 40 एकड़ फाने जलने के साथ साथ ट्राली जलने के साथ तूड़ी बनाने की स्ट्रा रीपर मशीन भी बुरी तरह से आग की भेंट चढ़ गई। उन्होंने प्रशासन व फायर ब्रिगेड विभाग द्वारा आग पर काबू पाने में मदद करने पर धन्यवाद जताया अन्यथा ओर कई एकड़ में आग फैल सकती थी।



पिहोवा। गांव जुरासी खुर्द में गेंहू के फानों में लगी आग, जली ट्राली व रीपर मशीन व स्प्रे करते फायर ब्रिगेड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# हत्या व लूट मामले का इनामी आरोपी गिरफ्तार

## 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ भगौडे आरोपी रिंकू को पुलिस ने पंजाब से दबोचा

जिला पुलिस ने हत्या व लूट मामले के इनामी भगौडे आरोपी रिंकू पुत्र लाल चन्द वासी मलोट जिला मुक्तसर पंजाब को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रिंकू पुत्र लाल चन्द वासी मलोट जिला मुक्तसर पंजाब को वर्ष 2010 के थाना लाडवा में दर्ज हत्या व लूट मामले में हरलीन कौर जेएमआईसी कुरुक्षेत्र की अदालत ने 19 जनवरी 2012 को भगौडा आरोपी घोषित किया था। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस द्वारा 5 हजार का ईनाम घोषित किया गया था । दिनांक 26 अप्रैल 2024 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 के उप निरीक्षक धमेंद्र सहायक उप निरिक्षक संदीप, हवलदार प्रवेश कुमार, गिरवर, व विक्रम सिंह की टीम ने आरोपी रिंकू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी रिंकू के खिलाफ हरियाणा व पंजाब में करीब 3 दर्जन हत्या, लूट व चोरी के मामले दर्ज हैं। निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ जिला कुरुक्षेत्र के अलावा जिला सिरसा में चोरी के 23 मामले, जिला फतेहाबाद में चोरी के 3 मामले,राजस्थान में चोरी के 5 मामले, हिसार में चोरी का 1 मामला, पंजाब में हत्या का 1 मामला दर्ज हैं।

# एक किलो अफीम सहित महिला व साथी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। नशीला पदार्थ रखने के आरोप में पुलिस ने महिला सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुष्टि करते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल के मार्ग निर्देश में उप निरीक्षक सुखबीर सिंह, मुख्य सिपाही अशोक कुमार, धर्मबीर सिंह, पवन कुमार, प्रदीप कुमार, महिला सिपाही रितु व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही मन्दीप कुमार की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नौगजा पीर के पास जब एक मोटर साइकिल को रोका, तो बाईक सवार महिला-पुरुष की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक किलो अफीम बरामद हुई।

पूछताछ में आरोपियों की पहचान निर्मल कौर वासी खूनी माजरा और निरंजन सिंह वासी सनौर, जिला पटियाला पंजाब के रूप में हुई है। आरोपियों के विरुद्ध थाना शाहाबाद में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय अदालत में पेश किया गया है।

# पहलवान अतुल ने यूपी में जीता गोल्ड मेडल

इसराना। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में हुई फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन एंड वीमेन रेसलिंग फेडरेशन कप-2024 में पूठर के छोर ने अतुल घणघस ने फ्री स्टाइल के 65 किलो वेट में गोल्ड मेडल जीत कर हरियाणा, अपने गांव पूठार व अपना व परिजनों का नाम रोशन किया है। जिला पार्षद डॉ जगबीर सिंह व गांव के सरपंच मास्टर समेर सिंह ने अतुल घणघस की उपलब्धि पर खुशी जताई। जबकि गत वर्ष दिसंबर माह में चंडीगढ़ में हुई आल इंडिया यूनिवर्सिटी रेसलिंग नेशनल चैंपियनशिप में अतुल घणघस सिल्वर मेडल जीत चुका है। वही, पंजाब में गुरु काशी यूनिवर्सिटी तलवंडी साबो में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है व रोहतक के मेहर सिंह अखाड़ा में प्रैक्टिस कर रहा है।





■ घणघस ने फ्री स्टाइल के 65 किलो वेट में गोल्ड मेडल जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया

गोल्ड मेडल विजेता पहलवान अतुल घणघस।

# मेरी कोई चाह नहीं, मेरी किसी से नाराजगी नहीं : विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ मुझे जनता के लिए बहुत कुछ करना था, अब जो सरकार में व पदों पर हैं वे करेंगे

हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री एवं बीजेपी के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने पानीपत के स्काई लार्क में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सन 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा है, वही मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री है जिन्होंने इस बार भाजपा 300 और राजग 400 पार का नारा भारत को विकसित बनाने की राह पर तेजी से आगे बढाने के उद्देश्य से दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में विपक्षी दल अपने पतन की ओर बढ़ रहे हैं। जनता भाषण पर नहीं बल्कि काम पर मोहर लगाते हैं। विज ने कहा कि मेरी किसी से कोई नाराजगी नहीं है। नाराजगी उनकी होती है, जिन्होंने कुछ बनना होता है या पाना होता है और उनको नहीं मिलता। मेरे साथ तो ऐसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि वे छह बार विधायक रह चुके हैं। होम व हेल्थ मिनिस्टर रहा हूं। मुझे जनता के लिए बहुत कुछ करना था, अब जो पदों पर है वे करेंगे। मैंने, डायल 112 को शुरू किया, आने वाली सरकार उसे और आगे चलाएगी। मैं, सभी थाने-चौकियों को नया करना चाहता था, अब जो आएंगे वो करेंगे। मैं सारी भर्ती करना चाहता था, अब जो सरकार आएगी वो करेगी।



### जजपा पर कसा तंज

उन्होंने जेजेपी द्वारा भाजपा का विरोध किए जाने पर कहा कि भारत का प्रजातंत्र इसी ही प्रकार की है। मिनट में ही भाषा बदल जाती है। पहले जेजेपी हमारे साथ थी। तो जब हम कहते थे कि अबकी बार, तो वे कहते थे 400 पार। लेकिन अब वे हमसे अलग है, तो हमारे विरोध में बोलना उनकी मजबूरी है।

### नाबालिग चोर से तीन बाइक बरामद

**पानीपत।** थाना मतलौडा की उरलाना चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले एक नाबालिग शातिर चोर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी से बाइक चोरी की चार वारदातों का खुलासा हुआ। उरलाना चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि नाबालिग आरोपी ने पानीपत के गांव पाथरी के मेला में बाइक चोरी की तीन वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदातों बारे थाना मतलौडा में अभियोग दर्ज है। आरोपी से तीन बाइक बरामद की है। वहीं, पुलिस ने नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहां से उसे बाल सुधार गृह मधुबन भेजा गया है।

**सम्मेलन** | गुरु नानक खालसा कॉलेज में एनसीसी बटालियन सम्मेलन का हुआ आयोजन

# शिक्षण संस्थानों में एनसीसी की भागीदारी हो सुनिश्चित: डॉ. कंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ सम्मेलन में एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों, कॉलेज प्राचार्यों आदि ने लिया भाग

गुरु नानक खालका कॉलेज यमुनानगर में शुक्रवार को 14 हरियाणा एनसीसी बटालियन के सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने की। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल संदीप शर्मा ने भाग लिया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिंद्र सिंह कंग ने कहा कि एनसीसी सम्मेलन आयोजित करने का मुख्य उदेश्य आगामी सत्र के लिए एनसीसी गतिविधियों में सुचारू नामांकन और सक्रिय भागीदारी की सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने कैडेट्स, एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों और परमानेंट इंस्ट्रक्शन स्टाफ के बीच उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में कार्यशाला की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। डॉ. कंग ने प्राचार्यों के लिए अपने संस्थानों के भीतर एनसीसी गतिविधियों में प्रभावी नामांकन और भागीदारी सुनिश्चित करने की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। मौके पर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल संदीप शर्मा ने बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के बारे में प्रकाश डाला। जो एक संस्थान में अपने एनसीसी कैडेटों के लिए होनी चाहिए। सम्मेलन में गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, डीएवी गर्ल्स कॉलेज, हिंदू गर्ल्स कॉलेज, एमएलएन कॉलेज, यमुना इंस्टीट्यूट, जेएमआईटी कॉलेज रादौर समेत 23 शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों ने भाग लिया। मौके पर डॉ. जोश प्रीत और रविता सैनी ने सम्मेलन के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसकी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने युवाओं के बीच एनसीसी गतिविधियों में जिम्मेदारी और भागीदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण के लिए सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।



यमुनानगर के गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित एनसीसी सम्मेलन में एनसीसी अधिकारियों का स्वागत करते हुए प्रिंसीपल डॉ. मेजर एचएस कंग। फोटो : हरिभूमि

# रोडवेज वर्कर्स यूनियन के मनिंदर बने सचिव

## बैठक में रोडवेज कर्मियों की समस्याओं पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ बैठक में कार्यकारिणी का भी किया गया विस्तार

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन (संबंधित इंटक ) की हाउस बैठक शुक्रवार को बस स्टैंड परिसर स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन नेता सरदार जगजीत सिंह ने की। बैठक में रोड़वेज कर्मचारियों की समस्याओं बारे विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मनिंदर सिंह को सचिव व सुखबीर सिंह को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया।

यूनियन नेता जगजीत सिंह ने बताया कि बैठक में मुख्य रुप से सेंट्रल वर्कशॉप हिसार व करनाल को बंद करने की निंदा की गई। इसके अलावा बैठक में वर्दी व जूते के पैसे दिए जाने,लोकल रूट पर कर्मचारियों को ओवरटाइम रेस्ट ना देना, कर्मचारियों के रात्रि ठहराव में कटौती करना व बकाया ओवरटाइम तथा टीए का भुगतान नहीं करना आदि समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर यूनियन के उप प्रधान विजय कुमार, रमन आर्य, भवानी दत्त, अजय खान, विजय पाल, ज्ञान सिंह, बलिंद्र पाल व सुभाष गुज्जर आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर के बस स्टैंड स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित बैठक में समस्याओं को चर्चा करते हुए रोड़वेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### घरों के आसपास न पनपने दें मलेरिया जनित मच्छर

**रादौर।** एमडीवीएम पब्लिक स्कूल रादौर में विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से 12वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। मौके पर बच्चों ने भाषण व जागरूकता रैली का आयोजन भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रिंसीपल अंजू गुलाटी ने किया। प्रिंसीपल अंजू गुलाटी ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वैदिक, यशिका, प्रीत, यमन, सौरभ,आदर्श, मानवी व भावना को विजेता घोषित किया गया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### ंदनी बाग पुलिस टीम ने दो जुआरी पकड़े

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस टीम ने उग्राखेड़ी मोड़ के नजदीक बर्फ फैक्टरी के पास जुआ खेल रहे कृष्ण व अनुज निवासी गांव उग्राखेड़ी जिला पानीपत को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 1090 रुपए की नगदी बरामद हुई। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश शर्मा ने बताया कि आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

### किसान की हत्या के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने गांव सौंधापुर में किसान फतेह सिंह की पीट पीट कर हत्या करने मामले में वीरवार को दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान सीजल उर्फ नगमा, रमन उर्फ अमन व उसकी पत्नी रिहाना निवासी एकता कॉलोनी के रूप में हुई। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि फतेह सिंह हत्याकांड में मृतक के पुत्र सन्नी की शिकायत पर केस दर्ज है।

### हमलावरों ने पिता और पुत्र के पैर तोड़े

**पानीपत।** पानीपत में शुक्रवार सुबह सब्जी मंडी जा रहे पिता क्रांति कुमार व पुत्र हर्ष निवासी गांव निंबरी जिला पानीपत पर चचेरे भाइयों गोविंदा, चांद, विकास, इनके साथी रिंकू ने हमला कर दिया। आरोपियों ने दोनों को जमकर पीटा। मारपीट में दोनों के पैर टूट गए।

## महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में विदाई समारोह का आयोजन

# बीए अंतिम वर्ष के मोहम्मद आलम मिस्टर और मुक्ता बनी मिस फाइनल

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में विदाई समारोह में टाइटल देकर नवाजे गए विद्यार्थियों को सम्मानित करती प्राचार्या व स्टॉफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

महाराजा अग्रेसन महाविद्यालय जगाधरी में बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. करुणा ने दीप प्रज्जवलित करके किया। समारोह में जूनियर्स ने अपने सीनियर्स के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों प्रिया, रोहन व परी ने किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. करुणा ने विदा होने वाले विद्यार्थियों को कहा कि वह विदा नहीं हो रहे हैं। बल्कि आप जहां भी जाएंगे उन संस्थानों में महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के दीप बनकर प्रज्जवलित होते रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि आप ही वह दीप स्तंभ हैं जो भविष्य में भी अपनी संस्था का नाम उज्ज्वल करते रहेंगे।

बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने मौके पर नृत्य, गीत, नजम, संगीत फैशन शौ व मॉडलिंग आदि कार्यक्रमों में भाग लेकर अपने सीनियर्स की वाहवाही लूटी। मौके पर बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न राउंड में अपनी प्रतिभा दिखाई। जिसके आधार पर छात्र मोहम्मद सबरे आलम को मिस्टर फाइनल व छात्रा मुक्ता को मिस फाइनल के खिताब से नवाजा गया। वहीं, अनिष को मिस्टर एलिगेंट व प्रिया और वर्षा को मिस एलिगेंट का खिताब दिया गया। जबकि साहिल को मिस्टर ओबिडिएंट व निशु को मिस ओबिडियंट और प्रिंस को मिस्टर हैंडसम व शीतल को मिस हैंडसम का खिताब दिया गया। इसके अलावा छात्रा नाजमीन को मिस फाइनल पीजी का खिताब देकर नवाजा गया। वहीं, परी को मिस टेलेंटेड, अभिषेक को बेस्ट वॉलिंटीयर के खिताब से पुरस्कृत किया गया। मौके पर बीए अंतिम वर्ष की छात्रा आरती और शीतल ने अपनी कक्षा के अन्य विद्यार्थियों के सहयोग से विभिन्न प्रकार की प्रतियोगात्मक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर डॉ. विरेंद्र ढ़िल्लो, मैडम पूनम गर्ग, प्रो. हेमराज, डॉ. वीरा, मैडम नीतू, मैडम सपना कांबोज, मैडम सीमा जैन, प्रोफेसर मनोज कुमार व डॉ. बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में खिताब देकर नवाजे गए बच्चे स्टॉफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# यश को हेड ब्वॉय व पंखुड़ी को हेड गर्ल्स का दिया खिताब

- स्वराज शिशु निकेतन स्कूल रादौर में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर के स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में शुक्रवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने दीप प्रज्वलन करके किया। अलंकरण समारोह में गंगा, यमुना, कृष्णा व कावेरी चारों सदनों से बच्चों का चयन कर उन्हें सैशे व बैज दिए गए।

कार्यक्रम में छात्र यश सैनी को हैड ब्वॉय व पंखुड़ी को हैड गर्ल्स का खिताब दिया गया। वहीं, निमिषा, दिव्या, इमरान खान, वास्तव को कैप्टन बनाया गया। जबकि वाइस कैप्टन का खिताब तनिशा, अनमोल कुमार, तेजस व सिमरन को दिया गया। वहीं, परविंदर, ध्रुविका, कृतिका वर्मा व नमन सैनी को प्रीफेक्ट के खिताब से नवाजा गया। जबकि डिसिप्लिन ब्वॉय के खिताब से विहान, निहाल को नवाजा गया। हिमांशी व रिया को स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल्स चुना गया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रेनू शांडिल्य ने कहा कि विद्यार्थियों में दल भावना का होना अति आवश्यक है। एकजुटता, सहयोग समन्वय से सभी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इन्हीं भावनाओं से विद्यार्थियों में नेतृत्व की क्षमता आती है। इसलिए समय समय पर विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने कहा कि उन्हें बच्चों की प्रत्येक गतिविधियों में शामिल होना चाहिए। क्योंकि विद्यालय में जब वह बच्चों के कार्यक्रम में शामिल होते हैं तो उनको व छात्रों को बेहद खुशी होती है। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर डॉक्टर अजय शर्मा, पूर्व प्रिंसीपल बालकिशन, डॉ. दीपक कौशिक, पूजा कालरा आदि मौजूद रहे।

# बच्चों ने दिखाई प्रतिभा की झलक

- न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल यमुनानगर में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित कैलिग्राफी प्रतियोगिता में बनाई गई आकर्षक कैलिग्राफी को दिखाते हुए बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल यमुनानगर में शुक्रवार को कैलिग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान पहली कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को सफलता विषय पर कैलिग्राफी करने को दी गई। जिसमें बच्चों ने अपनी अपनी कला को दिखाते हुए बहुत ही सुंदर सुंदर कैलिग्राफी कर सभी का मन जीत लिया। 11वीं कक्षा की इकरा, रणजोत, वरखा व रेधिमा तथा 12वीं कक्षा की कृतिका द्वारा की गई कैलिग्राफी की सभी ने काफी सराहना की। बच्चों ने अपनी कैलिग्राफी में सफलता हासिल करने के रास्तों को उजागर किया। इसी तरह जूनियर कक्षाओं में पांचवीं कक्षा की अक्षिता, विक्रांत, परिधि, चौथी कक्षा के रिषभ, तीसरी कक्षा के शिवांश ने मेरा परिचय विषय पर सुंदर सुंदर पंक्तियां लिखकर शब्दों को विभिन्न रूपों में उकेरा। स्कूल प्रबंधक समिति के अध्यक्ष जीएस शर्मा व प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का ने बच्चों द्वारा की गई कैलिग्राफी का अवलोकन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों में किसी भी तरह से प्रतिभा की कमी नहीं है। बशर्ते उन्हें उजागर करने के लिए उन्हें सही समय पर सही मार्गदर्शन मिलता रहे।

# कुम्हार के चाक पर बच्चों ने बनाए मिट्टी के बर्तन

- नेशनल पब्लिक स्कूल यमुनानगर में बच्चों को सिखाई कुम्हार के चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाने की विधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर





**यमुनानगर।** नेशनल पब्लिक स्कूल में कुम्मार के चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाने की विधि सीखते हुए बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

शहर के दिल्ली मार्ग स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर नन्हें मुन्ने बच्चों को कुम्हार के चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाने की विधि सिखाई गई। इस दौरान बच्चों ने स्वयं भी कुम्हार के चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की वाइस प्रिंसीपल डॉ. आरणा सिंह ने किया। उन्होंने बच्चों को मिट्टी के बर्तनों के महत्व से भी अवगत करवाया। स्कूल की वाइस प्रिंसीपल डॉ. आरणा सिंह ने बताया कि बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। जिनके बारे में बच्चों को पूरी जानकारी मुहैया करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में स्कूल में एक्सपीरियंस प्रेक्टिकल लर्निंग पद्धति के तहत बच्चों को कुम्हार के चाक पर मिट्टी बनाने की विधि सिखाई गई। मौके पर बच्चों ने अपने हाथों से कुम्हार के चाक पर मिट्टी के बर्तन कप, दिया, गिलास, सुराई, किशोरे, कप व मटका आदि बनाए। बच्चों को मौके पर चाक से मिट्टी के बर्तन बनाने, सुखाने व उन्हें आग में कैसे पकाकर तैयार किया जाता है की पूरी जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को मिट्टी से बनाए गए एक एक बर्तन को बच्चों को उन्हें घर ले जाने के लिए दिया गया। ताकि वह बर्तनों को अपने खाना खाने के लिए प्रयोग में ला सकें। वाइस प्रिंसीपल डॉ. आरणा सिंह ने कहा कि इस प्रकार प्रेक्टिकल करके बच्चों को बर्तन बनाने की विधि व उन्हें प्रयोग कैसे किया जाता है के बारे में पूर्ण रुप से ज्ञान मिला है। क्योंकि प्रेक्टिकल के द्वारा बच्चों को विषय के बारे में शत प्रतिशत ज्ञान मिलता है और वह उस बारे में मनन व चिंतन करके विषय वस्तू को समझ सकते हैं। उन्होंने मौके पर बच्चों को मिट्टी के बर्तनों में खाना खाना और पकाने से स्वास्थ्य को मिलने वाले लाभों के बारे में भी जानकारी दी।

# निर्मल सिंह बने रोटरी क्लब रादौर के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए रोटरी क्लब के सदस्य।

रोटरी क्लब रादौर के सदस्यों की बैठक कस्बा स्थित होटल में आयोजित हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में निर्मल सिंह को क्लब का प्रधान, पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा क्लब के संरक्षक एवं संस्थापक सदस्य बनाए गए हैं। जबकि डॉ. एससी सैनी क्लब के मुख्य सलाहकार होंगे। वहीं भारत माटिया, आशु वर्मा, एडवोकेट सुभाष चंद बडशामी, पूर्णचंद अलीपुरा क्लब के उप प्रधान बनाए गए हैं। इसी तरह मास्टर देवीदयाल अरोड़ा को सचिव नियुक्त किया गया है। हरजीत सिंह खुर्दबन, मोहित गर्ग, अमित गुप्ता को सह सचिव व लगातार तीसरी बार मोहनलाल अरोड़ा को क्लब का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। डॉ. अशोक मिगलानी को सारजेंट अटारम, जसवंत सिंह बंचल को रोट्रेक्ट चेयरमैन, राजीव आर्य सन्नी को मीडिया प्रभारी व संदीप सैनी को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# साइबर अपराधों से बचाव के लिए किया जागरुक

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में कानूनी जागरुकता व साइबर अपराधों से बचाव जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करती मुख्य वक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शुक्रवार को हरियाणा राज्य महिला आयोग के तत्वावधान में कानूनी जागरुकता एवं साइबर अपराधों से बचाव जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में महिला प्रकोष्ठ की रेणु भाटिया ने भाग लिया। मुख्य वक्ता रेणु भाटिया ने विद्यार्थियों को बताया कि आज का आधुनिक युग जहां जीवन के सुखों को उपलब्ध कराता। वहीं, महिलाओं पर बढ़ते हुए अपराध भी चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षोंर् का डाटा यही बताता है कि आज के युवा वर्ग सबसे ज्यादा इन महिला विरोधक गतिविधियों का सामना करते हैं। उन्होंने संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव गर्ग से हरियाणा महिला आयोग के लिए लघु फिल्में बनाने हेतु आग्रह किया। उन्होंने बताया कि पिछले साल 2246 मामले आए हैं। जिनमे अधिकतर मामले युवा वर्ग से संबंधित है। आपके जीवन में स्वावलंबी तथा आत्मविश्वास का भरपूर योगदान होना चाहिए। इस के उन्मूलन हेतु सभी को आगे आना होगा। खास तौर पर भारत के युवा वर्ग जो की इस समय चुनावी अभियान का भी एक प्रमुख हिस्सा हैं। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग एवं अन्य गणमान्य अतिथियों सहित सरस्वती मां की मूर्ति को पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर अमिता कुमारी ने कहा कि कानूनी सहायता का मुख्य उद्देश्य लोगों के अधिकारों और हितों की रक्षा करना है। यह एक ऐसा कदम है जिससे देश के कमज़ोर वर्ग मज़बूत बन सकते हैं।

# विद्यार्थियों को नशा जैसी बुराई से रहना चाहिए दूर

- श्रीकृष्णा पब्लिक स्कूल खजूरी में हवन यज्ञ व भंडारे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** श्रीकृष्णा पब्लिक स्कूल खजूरी में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

श्रीकृष्णा पब्लिक स्कूल खजूरी में शुक्रवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की हवन यज्ञ करके पूजा अर्चना की गई। इस दौरान बच्चों की पढ़ाई में सफलता की कामना की गई। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ को जठलाना के पंडित सतीश शर्मा ने मंत्र उच्चारण सहित संपूर्ण किया। हवन यज्ञ के संपूर्ण होने के बाद सभी बच्चों और ग्रामीणों को हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्कूल प्रबंधक महीपाल राणा ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की और सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आरओ अंबाला व आरओ कुरुक्षेत्र को जमा करवाने होंगे नामांकन

# लोस चुनाव के लिए 29 से होगा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

लोकसभा चुनाव के महापर्व 2024 के लिए लोकसभा कुरुक्षेत्र व अंबाला समेत प्रदेश भर की सभी दस सीटों पर नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 29 अप्रैल से शुरु हो रही है। कुरुक्षेत्र व अंबाला लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन आरओ अंबाला व आरओ कुरुक्षेत्र के पास जमा करवाए जा सकेंगे। उक्त जानकारी शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि यमुनानगर जिला के रादौर विधानसभा कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र तथा साढ़ौरा, यमुनानगर व जगाधरी विधानसभा क्षेत्र अंबाला लोकसभा क्षेत्र में आते हैं। ऐसे में लोकसभा क्षेत्र के लिए सोमवार 29 अप्रैल को गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इसी दिन से 4 मई तक उम्मीदवारों द्वारा नामांकन किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि मंगलवार 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल की जाएगी। जबकि 9 मई को उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके बाद 25 मई को मतदान होंगे । इसके बाद 4 जून को मतगणना के बाद नतीजे घोषित किए जाएंगे।जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि अंबाला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार डीसी एवं आरओ अंबाला तथा कुरूक्षेत्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार संबंधित डीसी एवं आरओ को अपना नामांकन जमा करवाएंगे। यदि कोई उम्मीदवार ऑनलाइन नामांकन करना चाहता है तो उसे आनलाइन फार्म भरने उपरांत उसकी हार्ड प्रति संबंधित आरओ को जमा करवानी होगी।

### उम्मीदवार को खुलवाना होगा बैंक में खाता

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को नामांकन से पहले एक अलग बैंक खाता खुलवाना होगा और चुनाव से संबंधित खर्च केवल इसी खाते के माध्यम से किया जाएगा। सभी बैंकों को निर्देश दिए जा चुके हैं कि वह चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के लिए अलग खाता खोलने के लिए प्रत्येक बैंक मे अलग काउंटर की व्यवस्था करवाएं।

# भाजपा के पदाधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक पवन सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला कार्यालय में यमुनानगर व जगाधरी विधानसभा के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंबाला लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व विधायक पवन सैनी ने की। मौके पर प्रदेश के कृषि मंत्री कंवरपाल व सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा मौजूद रहे। अंबाला लोकसभा भाजपा प्रभारी पूर्व विधायक डाक्टर पवन सैनी ने बैठक में पार्टी द्वारा चलाए गए अभियानों और कार्यक्रमों की समीक्षा तथा लोकसभा चुनाव को लेकर किए जाने वाले कामों पर चर्चा की। मौके पर अंबाला लोकसभा चुनाव समिति के सभी विभागों के प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बैठक में अब तक हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी। मौके पर अंबाला लोकसभा प्रभारी पूर्व विधायक पवन सैनी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, मेहनत और लगन के साथ कार्य करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि जब देश का गरीब, किसान, महिलाएं और युवा सशक्त होंगे तो देश मजबूत होगा। भाजपा का लक्ष्य जनता के सपनों के अनुरूप शक्तिशाली और विकसित भारत का निर्माण करना है।

**खबर संक्षेप**

### रक्त कोष में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कल

**कुरुक्षेत्र।** रविवार 28 अप्रैल को लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के रक्त कोष में 9 बजे से 1 बजे के मध्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रिय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने देते हुए कहा कि शिविर में कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर पुण्य कमा सकता है।

### अभय आज जनसभा को करेंगे संबोधित

**कुरुक्षेत्र।** इनेलो के थानेसर हलका प्रधान कृष्ण बूरा किरमच ने बताया कि इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला 27 अप्रैल शनिवार को किरमच में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि इनेलो 36 जाति की पार्टी है। इनेलो ने हमेशा कमजोर वर्ग की लड़ाई लड़ी है।

### युवाओं के लिए प्रशिक्षुता शुरू करेंगे

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस ओबीसी सैल के प्रदेश संयोजक प्रवीन कश्यप दयालपुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता में आते ही 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती करेंगे और युवाओं के लिए प्रशिक्षुता शुरू करेंगे। कश्यप ने कहा कि आमजन भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से हताश है।

### पहले दिन बनाई सड़क दूसरे दिन टूटी, प्रदर्शन

**पानीपत।** पानीपत के गांव शिमला गुजरान से डाडोला तक पीडब्ल्यूडी बीएडंआर की ओर से बनाई गई सडक दूसरे दिन टूट गई। सडक के टूटने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन व विभाग पर ठेकेदार के साथ सांठ-गांठ कर सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। वहीं प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समाधान नहीं हुआ तो इसकी शिकायत पीएम, सीएम, एंटी क्रप्शन ब्यूरो से साक्ष्यों के साथ की जाएगी।

### उग्राखेड़ी मोड़ के पास जुआ खेलते दो पकड़े

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस टीम ने उग्राखेड़ी मोड़ के नजदीक बर्फ फैक्टरी के पास जुआ खेल रहे कृष्ण व अनुज को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से एक जोड़ी ताश व 1090 रुपये बरामद हुए हैं। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश शर्मा ने बताया कि आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

## कुवि की सांस्कृतिक उपलब्धि पर कलाकारों को किया सम्मानित

# कुवि ने संस्कृति संरक्षण के क्षेत्र में देशभर में बनाई पहचानः सचदेवा

**एआईयू द्वारा आयोजित 37वें राष्ट्रीय उत्सव में अखिल भारतीय स्तर पर कुवि ने हासिल किया तीसरा स्थान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** वॉयस ऑफ केयूके सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करते मुख्यातिथि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से केयू ऑडिटोरियम में गजल सम्राट जगजीत सिंह की याद में वॉयस ऑफ केयूके सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कुवि की सांस्कृतिक उपलब्धियों के लिए कलाकारों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। वॉयस ऑफ केयूके में वसुंधरा ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा रहे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार कुरुक्षेत्र विवि देश भर के 1 हजार से अधिक विश्वविद्यालयों में तीसरे स्थान पर रहा है, जबकि सरकारी विश्वविद्यालयों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रथम स्थान है।

इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह विभाग क्लबों के माध्यम से विश्वविद्यालय के छात्रों को जहां एक ओर मंच प्रदान करेगा वहीं पर दूसरी ओर इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे।

### वॉयस ऑफ केयूके की वसुंधरा बनी विजेता

युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि गजल सम्राट जगजीत सिंह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। उनकी याद में हर वर्ष वॉयस ऑफ केयूके का आयोजन किया गया जिसमें 31 हजार रुपये के पुरस्कार विजेता कलाकारों को वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि दूसरे स्थान पर संगीत विभाग के विनीत कुमार, तीसरे स्थान पर आर्य पी.जी. कॉलेज पानीपत की शीतल, चौथे स्थान पर संगीत विभाग के अर्णव, पांचवें स्थान पर जी.एन.जी. कॉलेज यमुनानगर की विद्यार्थी कंवलजीत रही। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जगजीत सिंह के भाई करतार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने जगजीत सिंह की याद में गजल गाकर कार्यक्रम में खूब रंग लगाए। डॉ. पूनिया ने बताया कि इससे पहले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ए.आर. चौधरी, चीफ वार्डन कुसुमलता, कुलसचिव की धर्मपत्नी सुमिता शर्मा, प्रो. अनिता दुआ ने द्वीप प्रज्वलन कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रो. ए.आर. चौधरी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने सांस्कृतिक रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के लिए संस्कृति के क्षेत्र में 37वें राष्ट्रीय उत्सव में अखिल भारतीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल करना विश्वविद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

इस मौके पर मुख्यातिथि ने सांस्कृतिक उपलब्धि के लिए योगदान देने वाले सभी शिक्षकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आबिद अली ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन विभाग के उपनिदेशक डॉ. गुरुचरण ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। इस मौके पर प्रो. परमेश, प्रो. शुचिस्मिता, प्रो. आरती श्योकंद, डॉ. जसबीर ढांडा, डॉ. जगदीश गुप्ता, डॉ. रामनिवास, डॉ. संदीप कंधवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कंप्यूटर वर्तमान और भविष्य का क्षेत्र है : जयदीप अत्री



**शाहबाद।** मारकंडा नेशनल कॉलेज में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के तत्वाधान मे एस. ए. जैन कॉलेज, अंबाला शहर के प्रोफेसर डॉ जयदीप अत्री के द्वारा एक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। डॉ अशोक कुमार, प्राचार्य, मारकंडा नेशनल महाविद्यालय ने डॉक्टर जयदीप का स्वागत किया। इस विज्ञान में विद्यार्थियों ने कंप्यूटर विषय के प्रारंभिक तथा आधुनिक चलन और प्रगतियों के विषय में जानकारियां प्राप्त की। डॉ जयदीप अत्री ने विद्यार्थियों को उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यदि वह जीवन में कुछ विशेष करना चाहते हैं तो कंप्यूटर का क्षेत्र उनको हमेशा ही आकर्षित करता रहेगा और नई.नई संभावनाएं प्रदान करता रहेगा। प्राचार्य, डॉ अशोक कुमार ने डॉक्टर जयदीप का धन्यवाद किया कि उन्होंने विद्यार्थियों को इस विषय पर इतनी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करवाई। बीए प्रथम वर्ष तथा कंप्यूटर विभाग के लगभग 100 विद्यार्थियों ने इस व्याख्यान का लाभ उठाया।

## फिनिक्स क्लब ने विद्यालय में वाटर कूलर किया भेंट



**कुरुक्षेत्र।** सामाजिक संस्था फिनिक्स क्लब द्वारा दिन प्रतिदिन बढ़ रही गर्मी को देखते हुए गांव प्रतापगढ़ में स्थित राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों को शीतल जल उपलब्ध करवाने हेतु एक वाटर कूलर भेंट किया गया। फिनिक्स क्लब के प्रधान धीरज गुलाटी ने बताया कि समाजसेवी गौरव ईशपूजानी द्वारा अपनी माता जी की याद में एक वाटर कूलर फिनिक्स क्लब के माध्यम से गांव प्रतापगढ़ के राजकीय विद्यालय में आज भेंट किया गया। इस अवसर पर गांव के स्कूल में पहुंचने पर सरपंच प्रदीप सैनी व विद्यालय स्टाफ ने फिनिक्स क्लब के सदस्यों का स्वागत किया और वाटर कूलर भेंट करने के लिए आभार प्रकट किया। इस मौके पर कार्यक्रम के प्रोजेक्ट निदेशक सुनील कालड़ा, गिन्नी कक्कड़, संस्था के सचिव दीपक चिब, अश्वनी अरोड़ा, जेपी केसरी, जगदीश ईशपूजानी, राजेश पोपली, गुरसेवक सिंह कीर्ति खोसला आदि भी मौजूद रहे।

## रॉयल आर्यन शिक्षा निकेतन स्कूल में करवाया मेडिटेशन कार्यक्रम



**कुरुक्षेत्र।** रॉयल आर्यन शिक्षा निकेतन स्कूल, कैलाश नगर में सहजयोग ध्यान केंद्र द्वारा सहजयोग की संस्थापिका माताजी निर्मला देवी द्वारा सिखाए गए कुंडलिनी जागरण एवं आत्म साक्षात्कार का अनुभव करने का कार्यक्रम करवाया गया। प्रारम्भ में सहजयोग समन्वयक आशुतोष गौड़ ने मानव शरीर में भूतपूर्व काल की इड़ा नाड़ी, भविष्य काल की पिंगला नाड़ी और वर्तमान की सुषमना नाड़ी के बारे में अवगत कराया गया। नाडियों की सफाई और इन पर विराजित देवी देवताओं के गुणों का वर्णन किया गया। साधक सुरेन्द्र नैरिया द्वारा सभी विद्यार्थियों को आत्म साक्षात्कार की अनुभूति करवाई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने आप को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ महसूस किया। साधक कविता द्वारा छात्रों लिए सहजयोग क्यों जरूरी है इस बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में रॉयल आर्यन के प्रधानाचार्य राकेश गेरा ने सहजयोग ध्यान केंद्र से आई टीम का धन्यवाद किया।

## नाले को बंद करने पर ग्रामीणों ने की नारेबाजी

**इंद्री।** गांव सांतड़ी में गांव की फिरनी के साथ जा रहे नाले को बंद किए जाने से फिरनी पर गंदा पानी भर गया है जिसे लेकर ग्रामीणों में रोष पनपता जा रहा है । फिरनी पर गंदा पानी भरने से रोष जदा ग्रामीणों ने गांव के सरपंच व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया । ग्रामीण अमित, अनिल कांबोज, विनोद नंबरदार, सुनील नंबरदार, शुभकरण, श्यामलाल व मनीष आदि का कहना है कि गांव के कई लोगों ने अपने घर के पास से गांव के गंदे पानी का नाला बंद कर दिया है जिस कारण हर समय गांव की फिरनी वाली सड़क पर गंदा पानी भरा रहता है । उन्होंने बताया कि इस सडक्र से प्रतिदिन कई गांवो के लोग गुजरते हैं जिससे उन्हे भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।

## युवाओं को खेलों में भाग लेना चाहिए

- अपने कार्यालय में युवाओं को क्रिकेट किट भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा


**लाडवा।** गांव खेड़ीदबदलान के युवाओं को क्रिकेट किट देते समाजसेवी संदीप गर्ग।

शुक्रवार को स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने लाडवा अनाजमंडी स्थित अपने कार्यालय में गांव खेड़ीदबदलान के युवाओं को क्रिकेट खेलने के लिए क्रिकेट किट भेंट की।

समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि यह बहुत ही अच्छी बात है कि गांव खेड़ीदबदलान के युवा खेलों की तरफ जा रहे हैं और यदि युवा खेलों में भाग लेंगे और खेल प्रतियोगिताओं में खेलेंगे तो एक न एक दिन जरूर कुछ हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले भी उनके द्वारा खेलों को बढ़ावा देने हेतू कई गांवो में युवाओं को क्रिकेट किट वितरीत की गई है। युवाओं को नशे की ओर न जाकर बल्कि खेलों में भाग लेना चाहिए, तकि उनका स्वास्थ्य भी सही रह सकें। वहीं ग्रामीण युवा विशाल ने बताया कि पिछले काफी समय से उनको क्रिकेट किट की आवश्यकता थी जो संदीप गर्ग द्वारा पूरी कर दी गई है। इस अवसर पर कृष्ण सिंह, अनिल कमार, रवि कुमार, नवीन शर्मा, वीणा देवी आदि मौजूद थे।

## नशीली दवाइओं के साथ तस्कर काबू

**थानेसर।** हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट कुरूक्षेत्र ने एक नशा तस्कर को 1200 नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल व 28 शीशियां कोडिविन व रिकोडल सहित बरामद करके गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट कुरुक्षेत्र उप पुलिस अधीक्षक राजकुमार व अनुसंधान अधिकारी पीएसआई नरेश बेरवाल को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सतीश कुमार उर्फ बिट्टू अपने घर गांधीनगर गली नंबर 1 में जाएगा, जिसके पास भारी मात्रा में नशीली दवाइयां है। सूचना पर टीम ने महिला को काबू कर उससे 50 पत्ते कैप्सूल ट्रामाडोल कुल 1200 कैप्सूल बरामद हुए और 28 शीशियां कोडविन वा रिकॉडल बरामद की।

## शोक जताने पहुंचीं सावित्री जिंदल

- भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान के ससुर पृथ्वी सिंह तुर्क के निधन पर शोक व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। 26केयूके16

पूर्व मंत्री एवं उद्योगपति सावित्री जिंदल ने भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान के ससुर पृथ्वी सिंह तुर्क के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शुक्रवार को पूर्व मंत्री एवं उद्योगपति सावित्री जिंदल उनके आवास पर पहुंची।

उन्होंने स्वर्गीय पृथ्वी सिंह तुर्क के बेटे विद्या भारती के क्षेत्र प्रचार प्रमुख एवं हम फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय चौधरी, दामाद भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान सहित अन्य परिजनों के साथ दुख साझा किया और परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना भी की है। पूर्व मंत्री एवं उद्योगपति सावित्री जिंदल ने कहा कि पिता का साया एक पेड़ की तरह होता है, जिसकी छांव में पूरा परिवार रहता है। जब छांव प्रदान करने वाला यह पेड़ अपनी अंतिम यात्रा पर निकला जाता है, तो परिवार के लोगों को इनके जाने से काफी क्षति होती है। इसलिए परम पिता परमात्मा इस दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और परिवार के लोगों को दुःख सहन करने की शक्ति दे।

## एक मई को नामांकन भरेंगे ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



सोशलिस्ट यूनिटी सैंटर आफ इंडिया पार्टी ने प्रदेश की 10 में से 6 सीटों पर अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारें हैं। यह जानकारी पार्टी के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने दी है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र से कामरेड ओमप्रकाश शास्त्री, हिसार बिजेंद्र जीतपूरा, रोहतक से जयकरण मांडोठी,सोनीपत से बलबीर सिंह, गुड़गांवा से सरवन कुमार गुप्ता, महेंद्रगढ़-भिवानी से रोहतास सैनी पार्टी के उम्मीदवार होंगे। उन्होंने कहा कि एसयूसीआई ने नामांकन की तारीखों की घोषणा की है। 29 अप्रैल को महेंद्रगढ़-भिवानी और सोनीपत से, 30 अप्रैल को रोहतक से, 1 मई को कुरुक्षेत्र व गुरुग्राम से, 2 मई को हिसार लोकसभा से नामांकन पत्र दाखिल किए जायेंगे। देश में बढ़ती जा रही आर्थिक विषमता से मुक्ति के लिए जन आंदोलन की विकल्प राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) गत 76 सालों संघर्षरत है और इसी उद्देश्य से 22 राज्यों में 151लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ रही है।

## सी-विजिल के जरिये प्राप्त 44 शिकायतों का किया समाधान

- चुनाव तहसीलदार सरला ने दी जानकारी
- शिकायत करने के 100 मिनट में समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र


चुनाव तहसीलदार सरला

चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 में सी-विजिल मोबाइल एप के माध्यम से नागरिकों द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। ज्यों ही उन्हें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी मिलती है, त्यों ही वे चुनाव आयोग को अपनी शिकायत भेजते हैं। इन शिकायतों का 100 मिनट के अंदर समाधान किया जा रहा है। नागरिकों की सजगता का ही परिणाम है कि कुरुक्षेत्र में अब तक 55 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें से 44 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है तथा 11 शिकायतों को सही नहीं पाए जाने पर ड्राप आउट कर दिया गया है। चुनाव तहसीलदार सरला ने बातचीत करते हुए कहा कि आमजन सी-विजिल मोबाइल एप के माध्यम से सिस्टम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं, यह गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इस सी-विजिल एप को गूगल प्ले स्टोर से एंड्राइड फोन तथा एप स्टोर से आई फोन पर डाउनलोड कर सकते हैं। आमजन फोटो खींच सकते हैं या दो मिनट की वीडियो भी रिकॉर्ड करके इस एप पर अपलोड कर सकते हैं। वह फोटो और वीडियो जीपीएस लोकेशन के साथ एप पर अपलोड हो जाएगी। शिकायत दर्ज करने के 100 मिनटों में शिकायत का समाधान किया जाएगा। फलाइंग स्क्वाड, स्टेटिक सर्विलेंस टीमों की लाइव जानकारी रहती है।

### स्कूल के विद्यार्थियों ने किया एनडीआरआई का भ्रमण

**तरावड़ी।** एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी के छात्र-छात्राओं ने एनडीआरआई करनाल का भ्रमण किया। विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में जानकारी मुहैया करवाना है। छात्र- छात्राओं को प्रदर्शनी इकाई का दौरा करने का अवसर मिला जहां डेयरी किसानों, प्रशिक्षुओं आदि को समय-समय पर वैज्ञानिक डेयरी पालन प्रथाओं के बारे में शिक्षित किया जाता है। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं को संस्थान की सभी वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करने के लिए एक डेयरी संग्रहालय भी दिखाया गया। इसके बाद में छात्रों ने जीनोमिक्स और प्रोटिओमिक्स प्रयोगशाला का दौरा किया।

## कुवि कुलपति से टोक्यो विवि के सदस्य डॉ. ताकाहिरो काटो ने की मुलाकात

# टोक्यो विश्वविद्यालय के साथ एमओयू करेगा कुवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** टोक्यो विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. ताकाहिरो काटो को स्मृति चिह्न भेट करते कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा से जापान के टोक्यो विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. ताकाहिरो काटो ने मुलाकात की। डॉ. ताकाहिरो काटो ने बताया कि टोक्यो विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्निशन (ओसीआर) परियोजना पर काम कर रहे हैं। डॉ. ताकाहिरो काटो ने कहा कि ओसीआर तकनीक द्वारा संस्कृत के वर्णो को पढ़ने की विधि को पूर्ण रूप लागू करने व उपयोग में लाने विश्वविद्यालय में आए हैं। वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग के संकाय सदस्यों से इस सदंर्भ में बात करने आए हैं ताकि कम्प्यूटर संस्कृत के वर्णमाला, व्याकरण व वाक्यों की संरचना को पहचान पाएं और इस परियोजना का उद्देश्य वेद, पुराण, उपनिषद, गीता आदि सहित संस्कृत ग्रंथों के विशाल संग्रह को डिजिटल बनाना और दुनिया भर के विद्वानों और शोधकताअरं के लिए सुलभ बनाना है।

कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की शुरूआत संस्कृत विश्वविद्यालय के रूप में हुई थी। बहु-संकाय विश्वविद्यालय के रूप में बदलते हुए आज विश्वविद्यालय ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वर्तमान में विश्वविद्यालय के 10 संकायों में कुल 49 विभाग हैं जो व्यावसायिक और पारंपरिक पाठ्यक्रमों का मिश्रण प्रदान करते हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जवाहरलाल पुस्तकालय के पांडुलिपि विभाग में 15 हजार पांडुलिपियों का विशाल भंडार है जो कि संस्कृत, पालि एवं प्राकृत भाषा में लिखा गया है। ओसीआर तकनीक द्वारा इन ग्रंथों व पांडुलिपियों के ऊपर रिसर्च करने से शोधार्थियों को फायदा मिलेगा और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जल्द ही टोक्यो विश्वविद्यालय के साथ इस संदर्भ में एमओयू करेगा। इस मौके पर लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. तेजेन्द्र शर्मा, प्रो. कृष्णा रंगा व डॉ. तेलू राम मौजूद थे।

## कांग्रेस ओबीसी सैल के जिला महासचिव बने बलकार सिंह



**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस ओबीसी सैल में नई नियुक्ति कर प्रकोष्ठ सैल का विस्तार किया गया है। कांग्रेस ओबीसी सैल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने बताया कि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव व प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी से विचार विमर्श कर बलकार सिंह झिंवरहेड़ी को जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। बलकार सिंह शाहबाद हलका के गांव झिंवरहेडी के रहने वाले है। उन्होंने बलकार सिंह को जिला महासचिव को नियुक्ति पत्र सौपते हुए उम्मीद जाहिर की है कि बलकार सिंह ओबीसी सैल संगठन को मजबूती देने का काम करेंगे और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को ओबीसी सैल के साथ जोडेंगे। इस मौके पर पंडित कर्मचंद भुस्थला, सुभाष सैनी, राजपाल, पालाराम सिंगपुरा, राजकुमार भिवानीखेड़ा, श्याम लाल, बलवंत सैनी, सतीश सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### डीएवी स्कूल में मनाया गया रेड डे

**बराड़ा।** डीएवी स्कूल में शुक्रवार को रेड डे मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने लाल रंग की पहचान की और जीवन में उसके महत्व को जाना। इस दौरान बच्चे अपने घर से लाल रंग की वस्तु लेकर आए साथ ही सभी बच्चे व शिक्षक लाल की ड्रेस में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल सुनीता कपूर ने कहा बच्चों में लाल रंग की पहचान बहुत जरूरी है।

### बीपीआईयू की बैठक का आयोजन

**बराड़ा।** बीआरसी मोनिका व बीईओ प्रमोद राणा की अध्यक्षता में बीपीआईयू की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें खंड के सभी सीआरसी, एबीआरसी, बीआरपी, जिला एफएलएन कॉडिनेटर मनोज कुमार, एलएलएल के जिला कोऑर्डिनेटर रविंद्र , डीएसी बलबीर , सोनाली व संपर्क फाउंडेशन से जिला संपर्क कोऑर्डिनेटर पूनम सिंघानिया , जागृति सिंघानिया व हार्वर्ड यूनिवर्सिटी यूएसए से अभिनव घोष ने भाग लिया। खंड के लिए एफएलएन कार्यक्रम पर प्लान तैयार करने के बारे में चर्चा की गई।

### मतदान जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**अंबाला।** आर्य गर्ल्ज कॉलेज के प्रांगण में राजनीतिक शास्त्र व स्वीप सैल के संयुक्त तत्वावधान से वोटर जागरूकता के कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने मतदान व्यवहार व मतदान प्रक्रिया में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी लाने के लिए स्लोगन राइटिंग के माध्यम से छात्राओं में वोट के अधिकार के प्रति जागरूक रहने के लिए आह्वान किया।

### सुबह दस से तीन बजे तक रहेगी बिजली बाधित

**जींद।** 33केवी पिंडारा में शनिवार को सुबह दस से शाम तीन बजे तक मरम्मत का कार्य होगा। इसके चलते शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में सुबह दस से शाम तीन बजे तक बिजली बाधित रहेगी। शनिवार को खरकरामजी, सुंदरपुर, बराह कलां, बराह खुर्द, सिविल अस्पताल, गोहाना रोड, डीसी कॉलोनी, अर्बन एस्टेट में बिजली सप्लाई ठप रहेगी।

### शार्ट सर्किट के कारण होटल में लगी आग

**जींद।** सफीदों रोड के पास निजी होटल में शुक्रवार को अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग से होटल में लाखों का नुकसान हुआ है। मालिक पियूष मित्तल ने बताया कि होटल के किचन में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। आग इतनी भयंकर थी कि देखते ही देखते होटल को अपने चपेट में ले लिया।

### गाड़ी की टक्कर से बुग्गी सवार तीन महिला घायल

**जींद।** गांव किनाना के निकट तेज रफ्तार गाड़ी ने बैल बुग्गी को टक्कर मार दी। जिसमें बुग्गी में सवार तीन महिलाएं घायल हो गई। एक महिला की गंभीर हालात को देखते पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव किनाना निवासी कमलेश, सरोज, नीलम खेतों से पशुचारा लेकर बैल बुग्गी से घर वापस लौट रही थी।

### खरीद को लेकर किसानों और आढ़तियों से भी की बातचीत

# मंडियों से गेहूं की 70% आवक पूरी एसीएस ने खरीद का लिया जायजा

- अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज. अंबाला



अंबाला। मंडी में आई गेहूं का मुआयना करते एसीएस अंकुर गुप्ता व अन्य अधिकारी।

पशुपालन एवं डेयरी तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता ने शुक्रवार को गेहूं खरीद प्रक्रिया का मुआयना किया। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उन्होंने अंबाला छावनी व अंबाला शहर की अनाजमंडी का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त डॉ. शालीन भी मौजूद रहे। अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता ने पहले अनाज मंडी छावनी का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों से दोनों मंडियों में गेहूं की आवक की विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने गेहूं की ढेरी पर जाकर मॉश्चर मीटर के माध्यम से गेहूं की नमी को भी चेक किया। मार्केट कमेटी सचिव नीरज भारद्वाज ने उन्हें अवगत करवाते हुए बताया कि पिछले वर्ष 117562 क्विंटल गेहूं की आवक हुई थी। इस वर्ष अभी तक 147378 क्विंटल गेहूं मंडी में पंहुच चुकी है। 145184 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है, 55750 क्विंटल गेहूं लिफ्टिंग का कार्य हो चुका है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य सुचारू रूप से जारी हैं। मंडी प्रधान ने बताया कि सभी कार्य सुचारू रूप से जारी हैं।इसके उपरांत अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अंबाला शहर अनाज मंडी का भी जायजा लिया। यहां पर भी उन्होंने मंडी में जो व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई गई है। यहां मंडी प्रधान मक्खन लाल, पूर्व प्रधान दूनी चंद व राइस मिल एसोसिएशन के जिला प्रधान अजय गर्ग के साथ-साथ उन्होंने आढ़तियों से मंडी की व्यवस्था के साथ-साथ गेहूं खरीद कार्य के बारे में जानकारी ली। मार्केट कमेटी सचिव दलेल सिहं ने बताया कि पिछले वर्ष 554276 क्विंटल गेहूं की आवक हुई थी। इस वर्ष गेहूं खरीद के तहत 517728 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। 210441 क्विंटल गेहूं लिफ्टिंग का कार्य हो चुका है। इस मौके पर आढ़तियों ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को यह भी बताया कि मंडी में अधिकतर गेहूं की आवक हो चुकी है। मौके पर एसीयूटी रवि मीणा, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, डीएफएससी जितेश गोयल, डीएम हैफेड अमित कुमार, हरियाणा वेयरहाउसिंग के एमडी राजीव चौधरी, उपनिदेश कृषि डॉ. जसविंद्र सैनी, आढ़ती गौरव गुप्ता, हरजिंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

### समय पर नहीं हो रहा है गेहूं का उठान

**अंबाला।** गेहूं के सीजन में मंडियो में किसानों ओर आढ़तियों को आ रही समस्याओं को जानने के लिए शुक्रवार को कांग्रेस कमेटी के सचिव चेतन चौहान ने अंबाला शहर नहीं अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी मे किसानों ओर आढ़तियों से बातचीत की। यहां सबसे बड़ी समस्या उभर कर सामने आई वह थी गेहूं की धीमी गति से हो रही लिफ्टिंग। चेतन चौहान ने हैफ़ेड के डीएम को फोन कर गेहूं का उठान करवाने ओर पेमेंट जल्द करवाने को कहा। मीडिया से बातचीत करते हुए चेतन चौहान ने बताया कि मंडी में गेहूं का बड़ी ही धीमी गति से उठान हो रहा है। सरकार को चाहिए कि इस विषय में उचित कदम उठाए, क्योंकि इन दिनों बेमौसमी बरसात भी हुई है, जिस कारण मंडी में पड़ी गेहूं की फसल को



नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है सरकार की लापरवाही के चलते आढ़ती भी परेशान है। अभी तक जितनी गेहूं सरकार की तरफ से खरीदी गई है, उसमें से सिर्फ 30% तक की ही पेमेंट हुई है। सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द गेहूं की पेमेंट अदा करें, ताकि किसानों और आढ़तियों को राहत मिल सके।



नारायणगढ़। नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए छात्र।

## छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदान करने का दिया संदेश

- निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप के माध्यम से मतदाताओं का मतदान के प्रति किया जा रहा है जागरूक

हरिभूमि न्यूज. नारायणगढ़

डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में स्वीप एक्टिवी के तहत विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। सामाजिक अध्ययन विभाग के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विशेष गतिविधियों में भाग लिया जिसमें कविता वाचन, निबंध लेखन, नारा लेखन और नुक्कड़ नाटक करवाया गया। विद्यार्थियों द्वारा अभिनीत नुक्कड़ नाटक प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को जागरूक किया। विद्यालय परिसर में जहां विद्यार्थियों ने कविता, निबंध, पोस्टर और नारा लेखन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढक़र भाग लिया वहीं नुक्कड़ नाटक में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए आमजन को आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मतदान करने के का आह्वान किया। जनता ने उत्साहपूर्वक विद्यार्थियों द्वारा अभिनीत नुक्कड़ नाटक को सुना व सशक्त लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तत्पर हुए। विद्यार्थियों ने 'वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है' 'लोकतंत्र में हिस्सेदारी हम सब कि यह जिम्मेदारी' नारों के साथ अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। प्रधानाचार्य डॉ. आरपी राठी ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहा और कहा कि स्वीप निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम है। इसमें मतदाता शिक्षा व जागरूकता का प्रचार प्रसार के लिए विभिन्न कार्यक्रम करवाए जाते हैं।

### तीन आरोपियो को किया शामिल जांच

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग मचाकर आम नागरिकों की शांति भंग करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी रजत, गणेश दास व अजय को काबू किया है। आरोपी सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग मचाकर आम नागरिकों की शांति भंग कर रह थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र में सरकारी कार्य को बाधित कर सरकारी गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने तथा हत्या के प्रयास की नीयत से पुलिसकर्मियों को चोट पहुंचाने व सड़क जाम करने के मामले में पुलिस ने आरोपी रॉकी लाल उर्फ रॉकी, सोमनाथ उर्फ सोमा व रोहित को गिरफ्तार किया है। 24 अप्रैल 2024 को प्रबंधक थाना नारायणगढ़ पुलिस दल व सरकारी गाड़ी सहित इलाका गश्त पर मौजूद था। ड्यूटी के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि पंजलासा चौक के पास अंडों की रेहड़ियों पर अवैध शराब का सेवन किया जा रहा है।इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। यहां सड़क किनारे कुछ लोग अंडे व शराब पीकर हुड़दंग कर रहे थे।



जींद। जागरूकता रैली निकालते हुए।

### मौसमी बीमारियों की जागरूकता को लेकर निकाली रैली

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव ईंटल कलां में विश्व मलेरिया दिवस पर एमपीएचडब्ल्यू पवन द्वारा स्कूल के अध्यापकों व बच्चों के सहयोग से मलेरिया से बचाव को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें बच्चों ने पूरे गांव को रैली के माध्यम से जागरूक करने में भरपूर सहयोग दिया। पवन ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है। जोकि दूषित पानी मे अपना जीवन चक्र पूरा करता है। मलेरिया में सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार आता है। इसके बाद गर्मी लगती है और पसीने के साथ बुखार उतर जाता है। पूरे शरीर में थकावट रहती है। हर रोज या एक दिन छोड़ कर या तीसरे दिन बुखार आना मलेरिया हो सकता है। बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच करवानी चाहिए व अपना नियमित इलाज लेना चाहिए। पवन ने बचाव के तरीकों के बारे में बताया कि सुबह व शाम शरीर को कपड़ों से पूरी तरह ढक कर रखें। अपने घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे अवश्य मनाएं अर्थात पानी के बर्तनों, कूलर, फूलदान, होदी आदि को खाली करके एक दिन सुखाने के बाद ही पानी भरें, अपने घरों में रखें फ्रिज की वेस्ट ट्रे को सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें।

### 49 बोतल शराब सहित चार आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र से पुलिस ने आरोपी सोनू उर्फ रामजाने को 11 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की अवैध तस्करी का कारोबार करता है। एक अन्य मामले में महेशनगर पुलिस ने आरोपी महिला को 9 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। यह महिला भी शराब की तस्करी कर रही थी। इसी तरह पुलिस ने छावनी से एक अन्य महिला को 19 बोतल व 2 पव्वे अवैध शराब सहित काबू किया है। थाना नारायणगढ़ क्षेत्र से पुलिस ने आरोपी सोमनाथ को 10 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। चारों आरोपियों के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## लोस चुनाव के लिए 29 से शुरू होगी नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश, कंट्रोल रूम भी स्थापित

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया का कार्य शुरू हो जाएगा। यह कार्य उपायुक्त कार्यालय की कोर्ट रूम में होगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथियों के तहत नामांकन दाखिल करने के लिए प्रत्याशी प्रातः 11 बजे से सांय 3 बजे तक नामांकन दाखिल कर सकता है। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेजों को चेक करने का तथा अन्य जो आवश्यक कार्य किए जाने हैं उसको लेकर भी अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए हैं।

उन्होने यह भी कहा कि राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पहले से ही आग्रह किया गया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा जो हिदायतें जारी की गई है, उनकी अनुपालना करें। नामांकन प्रक्रिया के तहत एक प्रत्याशी के साथ 4 सदस्य आ सकते हैं। इसके साथ-साथ वाहनों को साथ लाने के लिए जो निर्धारित मापदंड हैं उसकी अनुपालना करें। डॉ. शालीन ने यह भी कहा कि लोकसभा आम चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर शुरू से ही सभी कार्य किए जा रहे हैं। अधिकारियों की डयूटी लगाकर उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है। उन्हें ट्रेनिंग भी दिलवाई गई है ताकि चुनाव के दौरान उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

उन्होंने यह भी कहा कि जिला चुनाव कार्यालय में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। यहां पर सी-विजल एप के साथ-साथ सुविधा एप के माध्यम से काम किया जा रहा है। बैठक के दौरान जिला चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार, आरटीए सुशील कुमार, डीआईओ अरविंदजीत सिंह के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## केडीबी के अफसरों ने किया तीर्थ का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कपिल तीर्थ की संभाल को लेकर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की टीम ने तीर्थ का दौरा किया। तीन दिन पूर्व तीर्थ तट पर स्थित एक घाट का बड़ा हिस्सा भरभरा कर गिर गया था। इस पर संज्ञान लेते 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने घाट के गिरे हिस्से का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि वास्तविक स्थिति का उन्होंने निरीक्षण किया है।

इसकी पूरी जानकारी वे केडीबी के शीर्ष अधिकारियों को देंगे। उन्होंने कहा कि केडीबी कपिल तीर्थ के मूल स्वरूप को यथावत रखने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि तीर्थ के एक किनारे पर पुरातत्व विभाग द्वारा संग्रहित एक शिव मंदिर है। केडीबी ने कपिल तीर्थ के विकास के लिए अनेक बार प्रयास किए कि इसके चारों और घाट बनाए जाएं परिक्रमा पर लाइटें लगें। पानी की व्यवस्था बने ताकि पौराणिक तीर्थ का संपूर्ण विकास हो सके। इसके विकास के लिए कई बार राशि भी जारी हो चुकी पर पुरातत्व विभाग कोई भी कार्य करने की अनुमति देता ही नहीं। तीर्थ सौंदर्यीकरण के लिए निर्माण कार्य शुरू करने की परमीशन को लेकर केडीबी एएसआई से पत्राचार कर रही है।

## पैचवर्क में लीपापोती, जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पूंडरी बाजार की सड़क पर पैचवर्क में उखड़ती बजरी।

पूंडरी में मुख्य बाजार की सड़क पर पीडब्ल्युडी विभाग द्वारा सड़क पर बने खड्डों को भरने में लीपापोती की जा रही है। गिरधरलाल अहलुवालिया से पुलिस चौकी तक सड़क पर पैचवर्क का कार्य किया गया। जिसके चलते खासकर दुकानदारों में काफी रोष है। दुकानदार विनोद मंगल, रणदीप मैहला, राजेश कुमार, नीरज कुमार, रोशनलाल, काका, रजनीश ने बताया कि सड़क में बारिश के बाद से जगह-जगह खड्डे बने हुए थे, जिनमें दुर्घटना घटने व पूरे दिन धूल मिट्टी उड़ती रहती थी। जिसकी शिकायत बार-बार विभाग को भी की जा रही थी। जिसके बाद अब विभाग द्वारा खड्डे भरने का काम किया जा रहा था। दुकानदारों में इस बात को लेकर गहरा रोष था कि खड्डों में बजरी व तारकोल तो डाला जा रहा था, लेकिन कोई भी रोलर से इसे दबाया नहीं जा रहा था। जिससे बजरी ऊपरी सतह पर पड़ी रहने से वाहनों के साथ बजरी छिंटकर आसपास के दुकानदारों तक लग रही है। जिससे चोट लगने का भी भय बना रहता है।

**रोलर चलवा देंगे:** बारिश के बाद सड़क जगह-जगह से टूट गई थी। जिसके लिए सड़क पर वैचवर्क का कार्य करवाया गया है। अगर पैचवर्क की जगह बजरी निकल रही है तो, उस पर रोलर चलवा देंगे।

*गुरदीप सिंह, एसडीओ पीडब्ल्युडी पूंडरी।*

## सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन की बैठक आयोजित

- सब्जी मंडी महीने में दो दिन रहेगी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक में मौजूद प्रधान और अन्य पदाधिकारी।

सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन की बैठक प्रधान मोहित गंम्बर की अध्यक्षता में हुई। इसमें मंडी को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रधान मोहित गुंबर ने बताया कि सब्जी मंडी में आने वाले व्यापारियों, जमींदार और आमजन के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए हैं। सब्जी मंडी पहले की तरह महीने में दो दिन पूर्णतः बंद रहेगी। सब्जी मंडी में लगने वाले जाम पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। जाम की परिस्थिति नहीं बने, इसके लिए सख्त से सख्त कार्रवाई करवाई की जाएगी। बैठक में संरक्षक सुरेश सैनी, अशोक कत्याल, जगत सैनी, पंडित सूरजभान, रवि गुंबर, अवतार कुमारा, प्रवीण परुथी, गुलशन बजाज, अनिल माटा, हरीश नागपाल, दीपक तनेजा, रामनिवास, तिलक मिगलानी, गोपाल माटा, सुमित माटा मौजूद रहे।

### कर्मचारियों ने यातायात प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**कैथल।** हरियाणा राज्य परिवहन कैथल डिपो के बस परिसर के यूनियन कार्यालय में हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की कैथल डिपो की कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में मुख्य तौर पर राज्य कार्यकारिणी के सदस्य राज्य उप प्रधान अभिषेक शर्मा व राज्य सचिव वीरेंद्र सिंह रुहल ने शिरकत की। बैठक में दौरान डिपो स्तर पर चालक व परिचालकों को हो रही परेशानियों को लेकर विचार विमर्श किया। जिसमें परिचालकों व चालकों के काफी लंबे टाइम से पड़े केसों का निपटारा नहीं किया गया है, जिसे कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान रहता है और चालकों को नाजायज केएमपीएल की चार्जशीट दी जाती है, कर्मचारियों का पिछले आठ महीने से नाइट क्लेम ओर ओवर टाइम का भुगतान नहीं किया गया है, सभी कर्मचारियों को कंफर्म किया जाए ।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### सीबीएसई की ओर से पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग सेमिनार का आयोजन

# छात्रों के विकास के लिए शिक्षा में गुणात्मक सुधार बेहद जरूरी

हरिभूमि न्यूज. अंबाला



अंबाला। सेमीनार के दौरान मौजूद शिक्षकों को संबोधित करती मुख्य वक्ता।

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित साइंस विषय से संबंधित अध्यापकों के लिए दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग सेमिनार का शुभारंभ किया गया। इसमें शिक्षा के स्तर को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए चर्चा की गई। विभिन्न स्कूलों के 40 अध्यापकों ने इस सेमिनार में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना है जो बच्चों के विकास के लिए अति आवश्यक है। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने कहा कि सीबीएसई द्वारा समय-समय पर इस तरह के सेमिनारों का आयोजन करवाया जाता है ताकि शिक्षण को बेहतर बनाया जा सके। विज्ञान विषय को अधिकांश विषयों की रीढ़ की हड्डी माना जाता है। हमारे जीवन का कोई भी पहलु विज्ञानं के ज्ञान से अछूता नहीं है इसलिए अध्यापकों में शैक्षणिक कुशलता को बढ़ावा देने के लिए ऐसे ट्रेनिंग कार्यक्रम निरंतर चलते रहने चाहिए ताकि प्रशिक्षित अध्यापक छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास कर पाएंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर आर्मी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. परमजीत सिंह । उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि पूरी दुनिया में विज्ञानं की पताका लहरा रही है। जीवन तथा विज्ञानं एक दूसरे के पर्याय बन गए है। मनुष्य विज्ञानं की सहायता से पक्षियों की भांति आसमान में उड़ सकता है। पानी के अंदर समुद्र की गहराइयों में भी जा सकता है।विज्ञानं से मानव को असीमित शक्ति प्राप्त हुई है। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन डॉ. सुमिता ठाकुर व ज्योति बेलवाड़ी ने विज्ञान से जुड़ी आधुनिक तकनीकों को समझना और उनके प्रयोग करने के बारे में बताया। उन्होंने 21 वीं सदी के टीचिंग स्किल्स के बारे में विस्तार से सभी के साथ चर्चा की और उनको कक्षा में उपयोग करने के लिए तरीक़ों के बारे में बताया गया। । उन्होंने ब्लूम टेक्सोनॉमी से संबंधित विषय के बारे में जानकारी दी। किशोरावस्था के विभिन्न पड़ावों की चर्चा की।